भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 932
गुरुवार, 27 जुलाई, 2023/5 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पंजाब में 'प्रसाद' योजना

932 श्री राघव चड्डाः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) मंत्रालय द्वारा शुरू की गई निःशुल्क तीर्थयात्रा योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) पंजाब में नष्ट हो चुके तीर्थ स्थलों को पुनर्जीवित करने के लिए मंत्रालय द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) सरकार द्वारा देश भर में सिख तीर्थस्थलों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(घ) गत चार वर्षों के दौरान पंजाब में तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) के संबंध में राष्ट्रीय मिशन के कार्यान्वयन का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय की कोई नि:शुल्क तीर्थयात्रा योजना नहीं है तथापि मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) संबंधी राष्ट्रीय मिशन' और 'केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के तहत देश में तीर्थस्थलों सहित पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है । पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'स्वदेश दर्शन' और तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन' (प्रशाद) योजनाओं के तहत पंजाब राज्य सहित सिक्ख तीर्थस्थलों में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में दिया गया है ।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक एवं गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी तथा जिम्मेदार पर्यटक गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में परिवर्तित किया और पंजाब राज्य में विकास हेतु अमृतसर और कपूरथला को गंतव्यों के रूप में चिह्नित किया गया है ।

*****

अनुबंध

पंजाब में 'प्रसाद' योजना के संबंध में दिनांक 27.07.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 932 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण

पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान सम्बन्धी राष्ट्रीय मिशन' (प्रशाद) योजनाओं के तहत पंजाब राज्य सहित सिक्ख तीर्थस्थलों में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	योजना का नाम	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)	स्वीकृति वर्ष
1.	प्रशाद	अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास	6.40	2015-16
2.		रोपड़, पंजाब में चमकौर साहिब का विकास	31.57	2021-22
3.		गऊ घाट गुरुद्वारा, हांडी साहिब गुरुद्वारा और गुरु का बाग में हस्तक्षेपों सहित पटना साहिब का विकास	41.54	2015-16
4.		पंचकुला जिला, हरियाणा में नाडा साहेब गुरुद्वारा और माता मंशा देवी मंदिर का विकास	49.51	2020-21
5.	स्वदेश दर्शन	आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फिरोजपुर - खटकर कलां - कलानौर – पटियाला का विकास	94.51	2018-19

*****